>

Title: Need to construct cycle race track in Kurukshetra University, Haryana.

**श्री नायब सिंह सैनी (कुरूक्षेत्र):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कुरूक्षेत्र लोक सभा क्षेत्र की एक बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या की ओर सरकार का ध्यान लाना चाहता हूं । मेरे क्षेत्र में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय है । उसमें बहुत सारे बच्चे साइकिल रेस ट्रैक न होने के कारण सड़कों पर प्रैक्टिस करते हैं । कई बार वहां दुर्घटना हुई है, जिसमें कई युवा अपनी जान भी गवां चुके हैं ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि उन युवाओं के लिए कोई साइकिल रेस ट्रैक नहीं है, भारी संख्या में युवा बाहर प्रैक्टिस के लिए रोड पर जाते हैं ।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में एक वेलोड्रम साइकिल रेस ट्रैक बनाया जाए ताकि अपनी प्रैक्टिस करने के लिए जा सकें ।